प्रादेशिक समाचार
26.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ हुआ संपन्न, लाखों श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान।

2. राज्यभर में धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का त्योहार। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के शिव बारात महोत्सव में हुए शामिल।

3. डिजिटल लिटरेसी की दिशा में राज्य सरकार की पहल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 हज़ार 945 सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को टैब करेंगे वितरित।

4. झारखंड में मौसम का उतार चढ़ाव जारी, कल राज्य के उत्तर–पश्चिम भाग में आंशिक बादल छाने के आसार।

5. इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज ईस्ट बंगाल का मुकाबला हैदराबाद एफसी से होगा।

********************

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ, आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रयागराज में संपन्न हो गया। देशभर से आये श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में आज सवेरे से ही संगम और अन्य घाटों में डुबकी लगाई। तेरह जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ 60 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं।

आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कम समय में बड़ी संख्या में श्रोताओं तक पहुंचने में कुंभवाणी की सफलता की सराहना की।

********************

महाशिवरात्रि का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। राज्य भर में महाशिवरात्रि पर सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बाबा नगरी देवघर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिव बारात महोत्सव का विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समागम आस्था के केंद्र के रूप और आगे बढ़ेगा।

इधर कोडरमा जिले के ध्वजाधारी आश्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दो दिवसीय मेले का उद्‌घाटन किया। शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और कहा कि इस मेले में दूसरे जिले के श्रद्धालु भी भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं।

********************

वहीं, महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है और चारों ओर भक्तिमय माहौल बना रहा। राजधानी रांची और जामताड़ा में भी महाशिवरात्रि पर विभिन्न शिवालयों से आकर्षक शिव बारात निकाली गयी, जिसमें महिलाएं और झांकियां भी शामिल रहीं।

********************

हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड में महाशिवरात्रि के दौरान भगवा पताका और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद हैं। पुलिस प्रशासन ने आमलोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

इधर, हजारीबाग जिले में हुई हिंसा की घटना के पीछे केंद्रीय मंत्री और रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे लोगों पर कड़ाई से ऐक्शन लेना चाहिए।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के 28 हजार 945 सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को टैब वितरित करेंगे। राज्य सरकार डिजिटल लिटरेसी को बढ़ावा देने और स्कूलों की रिपोर्टिंग प्रणाली को ऑनलाइन करने के लिए यह पहल कर रही है। ये टैब उन्हीं शिक्षकों को दिए जाएंगे, जिनके स्कूलों में 30 से अधिक छात्र नामांकित हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने शिक्षकों की सूची जारी की है।

********************

पलामू जिले में पर्यटन विभाग की ओर से तीन पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है।

********************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अस्पताल पहुंचकर राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ मांझी से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने की बात कही। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी घायल राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी से अस्पताल में मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।
- झारखंड सरकार ने जनजाति सलाहकार परिषद का गठन किया है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अध्यक्ष और मंत्री चमरा लिंडा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।
- राजधानी रांची में आईडीएसएस योजना के तहत कल विद्युत संरचना सुदृढ़ीकरण कार्य होगा। इसकी वजह से अशोकनगर के पुंदाग फीडर और न्यू एजी फीडर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति कल दिन के साढ़े ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी।

********************

राज्य में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। राजधानी रांची समेत सभी जिलों में आज का मौसम शुष्क रहा। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल राज्य के उत्तर–पश्चिमी भाग में आंशिक बादल छाये रहने का अनुमान है।

********************

कोलकाता में इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज ईस्ट बंगाल का मुकाबला हैदराबाद एफसी से होगा। यह मैच भारतीय समयनुसार आज शाम साढ़े सात बजे खेला जायेगा। प्रतियोगिता में कल बेंगलुरु एफसी ने चेन्नईयन एफसी को हरा दिया। इस जीत के साथ बेंगलुरु की टीम 37 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है।

*******समाप्त********